विधि एवं न्याय मंत्रालय

मांग संख्या 63

विधि एवं न्याय

क. वसूलियों को घटाने के बाद, बजट आबंटन इस प्रकार हैः

(करोड़ रुपए)

	मुख्य शीर्ष	बजट, 2004-2005			संशोधित, 2004-2005			बजट, 2005-2006		
		आयोजना	आयोजना-भिन्न	जोड़	आयोजना	आयोजना-भिन्न	जोड़	आयोजना	आयोजना-भिन्न	जोड़
राजस्व		140.00	1221.70	1361.70	110.00	1222.68	1332.68	220.00	273.98	493.98
पूंजी		*...*	*1.02*	*1.02*	*...*	*1.02*	*1.02*	*...*	*1.02*	*1.02*
जोड़		**140.00**	**1222.72**	**1362.72**	**110.00**	**1223.70**	**1333.70**	**220.00**	**275.00**	**495.00**
1. सचिवालय-सामान्य सेवाएं										
1.01 विधि कार्य विभाग	2052	...	13.92	13.92	...	13.79	13.79	...	14.63	14.63
1.02 विदेशी मुद्रा अपीलीय न्यायाधिकरण (एटीएफई)	2052	...	0.33	0.33	...	0.28	0.28	...	0.42	0.42
1.03 विधायी विभाग	2052	...	5.21	5.21	...	5.10	5.10	...	5.33	5.33
1.04 न्याय विभाग	2052	...	0.65	0.65	0.43	0.80	1.23	0.20	0.80	1.00
1.05 अन्य	2052	...	5.98	5.98	...	5.69	5.69	...	5.77	5.77
	जोड़	*...*	*26.09*	*26.09*	*0.43*	*25.66*	*26.09*	*0.20*	*26.95*	*27.15*
2. राज्य चुनाव के अंग										
2.01 चुनाव	2015	...	818.38	818.38	...	818.38	818.38	...	15.00	15.00
2.02 सामान्य चुनावी खर्च	2015	...	231.62	231.62	...	231.62	231.62	...	100.28	100.28
2.03 मतदाताओं को पहचान-पत्र जारी करना	2015	...	100.00	100.00	...	100.00	100.00	...	72.72	72.72
	जोड़	*...*	*1150.00*	*1150.00*	*...*	*1150.00*	*1150.00*	*...*	*188.00*	*188.00*
3. राजकोषीय सेवाएं										
3.01 आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण	2020	...	22.52	22.52	...	24.36	24.36	...	31.36	31.36
3.02 राष्ट्रीय कर न्यायाधिकरण	2020	...	2.61	2.61	...	0.03	0.03	...	2.18	2.18
	जोड़	*...*	*25.13*	*25.13*	*...*	*24.39*	*24.39*	*...*	*33.54*	*33.54*
4. न्याय प्रशासन										
4.01 राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी	2014	...	1.05	1.05	1.00	1.00	2.00	0.80	1.00	1.80
4.02 शहरी सिविल न्यायालयों का कंप्यूटरीकरण	2014	5.00	...	5.00	96.57	...	96.57	...	...	...
4.03 जिला एवं संबद्ध न्यायालयों का कम्प्यूटरीकरण	2014	...	...	...	...	...	...	192.00	...	192.00
4.04 विशेष न्यायालय	3601	...	1.00	1.00	...	0.90	0.90	...	0.95	0.95
4.05 अंतर्राष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र (आई.सी.ए.डी.आर.)	2014	...	2.01	2.01	...	3.16	3.16	...	0.25	0.25
4.06 न्यायपालिका के लिए आधारढांचा संबंधी सुविधा हेतु बिना विधान मंडल वाले संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता–अनुदान	2014	3.00	...	3.00	0.25	...	0.25	1.00	...	1.00
4.07 अन्य व्यय	2014	...	12.62	12.62	...	13.97	13.97	...	18.90	18.90
	जोड़	*8.00*	*16.68*	*24.68*	*97.82*	*19.03*	*116.85*	*193.80*	*21.10*	*214.90*
5 अन्य प्रशासनिक सेवाएं										
5.01 न्यायपालिका के लिए आधार-ढांचा संबंधी सुविधाएं	3601	112.00	...	112.00	0.50	...	0.50	3.00	...	3.00
5.02 संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को सहायता–अनुदान	3602	6.00	...	6.00	0.25	...	0.25	1.00	...	1.00
5.03 अन्य कार्यक्रम	2070	...	3.80	3.80	...	3.60	3.60	...	4.39	4.39
5.04 अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजी परिव्यय	4070	...	1.02	1.02	...	1.02	1.02	...	1.02	1.02
	जोड़	*118.00*	*4.82*	*122.82*	*0.75*	*4.62*	*5.37*	*4.00*	*5.41*	*9.41*
6. पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा सिक्किम के लाभार्थ परियोजनाओं/योजनाओं के लिए एकमुश्त प्रावधान	2552	14.00	...	14.00	11.00	...	11.00	22.00	...	22.00
	4552	...	...	...	...	...	...	...	...	...
	जोड़	*14.00*	*...*	*14.00*	*11.00*	*...*	*11.00*	*22.00*	*...*	*22.00*
कुल जोड़		***140.00***	***1222.72***	***1362.72***	***110.00***	***1223.70***	***1333.70***	***220.00***	***275.00***	***495.00***

ग. आयोजना परिव्यय	विकास शीर्ष	बजट समर्थन	आं.ब.बा.सं.	जोड़	बजट समर्थन	आं.ब.बा.सं.	जोड़	बजट समर्थन	आं.ब.बा.सं.	जोड़
1. न्याय प्रशासन	32014	126.00	...	126.00	99.00	...	99.00	198.00	...	198.00
2. एनईआर के लिए व्यय	22552	14.00	...	14.00	11.00	...	11.00	22.00	...	22.00
जोड़		**140.00**	**...**	**140.00**	**110.00**	**...**	**110.00**	**220.00**	**...**	**220.00**

1.01-1.04 इसमें विभागों के सचिवालय के साथ-साथ विदेशी मुद्रा अपीलीय न्यायाधिकरण के व्यय के लिए प्रावधान किए गए हैं।

1.05 यह प्रावधान, राजभाषा खण्ड, जो केन्द्रीय अधिनियमों का हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने और उनके मुद्रण के लिए उत्तरदायी है तथा संगठित मुकदमा अभिकरण के सचिवालय व्यय के लिए किया गया है जो केन्द्रीय अभिकरण की योजना में सम्मिलित केन्द्रीय और राज्य सरकारों की ओर से उच्चतम न्यायालय में मुकदमों के संचालन के लिए जिम्मेदार है।

2.01 यह प्रावधान 14वीं लोक सभा के आम चुनाव की बकाया देनदारी को वहन करने के लिए है।

2.02 यह प्रावधान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को चुनाव व्यय से सम्बन्धित केन्द्रीय सरकार के हिस्से की प्रतिपूर्ति के लिए है। इसमें मतदाता सूचियों आदि की तैयारी और मुद्रण की लागत भी शामिल है।

2.03 यह प्रावधान मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी करने पर हुए व्यय के सम्बन्ध में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को केन्द्रीय सरकार के हिस्से की प्रतिपूर्ति के लिए है।

3.01 आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना मुख्य आयकर आयुक्तों, आयकर महानिदेशकों, आयकर आयुक्तों, आयकर आयुक्त (अपील) और आयकर उपायुक्तों (अपील) के निर्णयों और आदेशों के विरूद्ध अपीलों की सुनवाई करने के लिए आयकर अधिनियम, 1961 के उपबंधों के अधीन की गई है ।

3.02 राष्ट्रपति के अध्यादेश के तहत राष्ट्रीय कर न्यायाधिकरण की स्थापना, प्रत्यक्ष करों की वसूली, निर्धारण,संग्रहण और प्रवर्तन संबंधी विवादों के न्याय-निर्णयन तथ सेवाओं पर कर वसूली एवं माल पर सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क की दरों और ऐसे कर निर्धारण के प्रयोजनार्थ माल की कीमत संबंधी विवादों के न्याय-निर्णयन हेतु की गई है।

4.01 राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी 17 अगस्त, 1993 से एक पंजीकृत सोसाइटी के रूप में स्थापित की गई थी । यह प्रावधान मुख्य रूप से उक्त अकादमी के कार्य-कलाप तथा उनके द्वारा यू.एन.डी.पी. प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन हेतु है।

4.03 यह प्रावधान जिला तथा अधीनस्थ न्यायालयों के कम्प्यूटरीकरण पर व्यय हेतु किया गया है।

4.04 यह प्रावधान राज्यों/ संघ शासित क्षेत्रों में परिवार न्यायालयों पर होने वाले व्यय के लिए किया गया है।

4.05 अंतर्राष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र (आई.सी.ए.डी.आर) की स्थापना भारत में वैकल्पिक विवाद समाधान के विभिन्न तरीकों द्वारा घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय विवादों के निपटान की तैयारी करने, उनका प्रचार करने, संवर्धन करने तथा लोकप्रिय बनाने के उददेश्य से सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1960 के अंतर्गत एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में की गई है।

4.06 यह प्रावधान विधान मंडल रहित संघ शासित क्षेत्रों की सहायता के लिए न्यायपालिका हेतु अवसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए है।

4.07 यह प्रावधान विधि अधिकारियों, विधि सलाहकारों तथा परामर्शियों एवं गरीबों के लिए विधिक सहायता के लिए है।

5.01 यह प्रावधान न्यायपालिका के लिए अवसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास हेतु केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों के लिए किया गया है।

5.02 यह प्रावघान विधान मण्डल वाले संघ शासित क्षेत्रों को अनुदान/ सहायता प्रदान करने के लिए न्यायपालिका हेतु अवसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए है।

5.03 यह प्रावधान विधि आयोग, अंतर्राष्ट्रीय विधि संघ और विधि साहित्य प्रकाशन द्वारा कानूनी पुस्तकों तथा पत्रिकाओं को हिन्दी भाषा में प्रकाशित करने के लिए किया गया है।

5.04 यह प्रावधान विधायी प्रारूपण और अनुसंधान संस्थान, आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण की विभिन्न पीठों तथा राष्ट्रीय कर न्यायाधिकरण के लिए भूमि अधिग्रहण तथा भवनों के निर्माण के लिए है।

6 यह प्रावधान उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों तथा सिक्किम के लाभार्थ परियोजनाओं/ योजनाओं के लिए है।